भारत सरकार :: अन्तरिक्ष विभाग
Government of India :: Department of Space
राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला
NATIONAL ATMOSPHERIC RESEARCH LABORATORY
गादंकी – 517 112, तिरूपति जिला., आन्ध्र प्रदेश
Gadanki – 517 112, Tirupati Dist., Andhra Pradesh

# आवर्ती विज्ञापन

वायुमंडलीय विज्ञान एवं सम्बद्ध प्रौद्योगिकी के विकास में अग्रवर्ती अनुसंधान करने के लिए राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन ए आर एल) एक प्रमुख केन्द्र है। यह वायुमंडलीय विज्ञान के ऐरोसॉल एवं सूक्ष्म मात्रिक गैस, मेघ एवं वर्षण प्रक्रियाएं, मध्य वायुमंडलीय संरचना एवं गतिकी तथा आयनमंडलीय प्लैज्मा प्रक्रियाओं एवं अन्तरिक्ष मौसम के प्रभावों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोग और/या संख्यात्मक मॉडलिंग आयोजित करने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। एनएआरएल कई तरह के अत्याधुनिक उपकरण जैसे रेडार एवं लिडार, वायुदीप्ति उपकरण, जीपीएस सोन्द, सूक्ष्मतरंग विकिरणमापी, जीएनएसएस ग्राही नेटवर्क, यंत्रीकृत टावर, जलवायु वेधशाला और मॉडलिंग कार्य के लिए एक उच्च-निष्पादन कंप्यूटर से सुसज्जित है।

उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और प्रकाशनों के स्थापित रिकार्डों से युक्त अत्यंत प्रेरित युवा शोधकर्ताओं से **पोस्ट डॉक्टोरल फैलो (पीडीएफ)/रीसर्च एसोशिएट (आरए)** पदों के लिए एननएआरएल द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
इच्छुक उम्मीदवार को अपना शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए जिसमें उनका उद्देश्य, शोध क्षेत्र में अंतराल, शोध की क्कार्यप्रणाली एवं परिणाम होने चाहिए। इनके अतिरिक्त उम्मीदवारों को अपने उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं प्रकाशनों से संयुक्त अपना विस्तृत स्वयं-परिचय भी भरती करनी चाहिए।

फैलोशिप की राशि:

आरए -I – `.58000+ एचआरए

आरए -II – `.61000+ एचआरए

आरए -III – `.67000+ एचआरए

जो उम्मीदावर अपना पीएच. डी शोध-प्रबंध प्रस्तुत कर चुके है, और अंतिम मौखिक परीक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनको नियुक्ति होने पर आरए -I से कम फैलोशिप राशि का भुगतान किया जाएगा।

1. **शैक्षिक योग्यता** :

**अ**) भौतिकी/वायुमंडलीय विज्ञान /मौसम विज्ञान/अन्तरिक्ष भौतिकी/संकेत संसाधन/अभिकलनीय विद्युत चुंबकीय विज्ञान/यंत्रीकरण के क्षेत्र में प्रथम श्रेणी (≥60%) में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ डॉक्टोरेट (पीएच.डी)। जिन्होंने अपना पीएच.डी शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया है और अंतिम मौखिक परीक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे उपरोक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अथवा

**आ**) इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरिंग/सुदूर संवेदन/प्रकाशिक इंजीनियरिंग/सूक्ष्मतरंग इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी (≥60%) में एम.ई/एम.टेक के साथ कम से कम 3 वर्ष का शोध अनुभव और विज्ञान उद्धरण सूचकांक (एससीआई) पत्रिका में कम से कम एक शोध पत्र।

2. **आयु सीमा**: आवेदनपत्र प्रस्तुत करने के समय तक 35 वर्ष से कम परंतु अ.जा/अ.जजा के उम्मीदवारों के संदर्भ में पाँच वर्ष और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए तीन वर्ष की छूट होगी। भूतपूर्व सैनिक और दिव्यांगजन उम्मीदवार भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु सीमा में छूट के लिए पात्र होंगे।

3. **चयन प्रक्रिया:** केवल अनिवार्य योग्यता व अनुभव की प्राप्ति उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने के लिए पर्याप्त नहीं है। पद के लिए प्राप्त आवेदनपत्रों का चयन विधिवत् आयोजित चयन समिति द्वारा होगा। केवल उन उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार प्रयोगशाला को है जो इसकी राय में उपयुक्त हैं और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

4. उम्मीदावर जो पहले से ही केन्द्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम या स्वायत्त संगठन में कार्यरत् हों तो उन्हें अनिवार्य रूप से संबंधित नियोक्ता द्वारा **अनापत्तिक प्रमाणपत्र** भेजना चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूजित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए प्रमाणपत्र की एक प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी है। जो दिव्यांगजन आरक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें एक निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण के लिए विकलांगता की डिग्री : सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए केवल ऐसे व्यक्ति पात्र होंगे जो कम से कम **40% संगत विकलांगता** से पीड़ित हों।

5. यह एक आवर्ती विज्ञापन है और इस की प्रतिक्रिया में प्राप्त आवेदनों पर आवश्यकतानुसार विचार किया जाएगा। सभी रिक्त पद भरने तक यह आवर्ती विज्ञापन वैध है।

6. पात्रता, आवेदनपत्रों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधा, साक्षात्कार का आयोजन से संबंधित सभी मामलों में एनएआरएल का निर्णय ही अंतिम होगा और उम्मीदवार की ओर से किसी भी व्यक्ति या संस्था से इस संबंध में पूछताछ या पत्राचार नहीं किया जाएगा।

7.आवेदन की विधि:

उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित वेबपृष्ठ https://vacancy.narl.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

8.<u>अन्य शर्तें / अनुदेश</u> :

अ) साक्षात्कार के लिए उपस्थित होनेवाले अभ्यर्थियों को परिवहन भत्ता – रेल तृतीय वातानुकूलित (एसी 3-टाइर) श्रेणी का किराया, अभ्यर्थी के निवास स्थान के निकटतम रेल्वे स्टेशन से साक्षात्कार स्थान तक या जहां से वह वास्तव में यात्रा प्रारंभ करता है, और वापस उसी स्थान तक या वास्तविक रेल किराया, जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

आ) साक्षात्कार के लिए बुलाये जानेवाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय, अपने आवेदन के साथ ऑन-लाइन प्रस्तुत किए गए विवरणों के साक्ष्य में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि कोई भी ऑनलाइन में दी गई जानकारी गलत या झूठी हुई तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं किया जायेगा और उसे परिवहन भत्ता नहीं दिया जाएगा।

इ) पदों को भर्ती करने या न करने का अधिकार यदि चाहे तो एनएआरएल के पास सुरक्षित है।

ई) केवल भारत के निवासी ही आवेदन कर सकते हैं।

उ) किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऊ) किसी भी प्रकार का प्रचार उम्मीदवार को अयोग्य कर देगा।

ऋ) **सरकार एक ऐसे कर्मचारी गण के लिए प्रयास करती है जो लिंग संतुलन की अभिव्यक्ति करता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।**